अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 12–09–2016 को कैरियर ओरिएंटिड प्रोग्राम के तत्वावधान में संभाग तृतीय के सभागार में कम्प्यूटर विभाग द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया. यह सेमिनार कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला के अन्तर्गत "रोज़गार कौशल एवं योग्यता" में वृद्धि के विषय पर था. महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता के मार्गदर्शन में इस सेमिनार का आयोजन किया गया. कम्प्यूटर विभाग के अध्यक्ष डॉ0 सचिन गर्ग ने सभागार मे उपस्थित सभी अतिथियों व विद्यार्थियों का स्वागत किया. मुख्य वक्ता के रुप मे "जोआना टैक्नोलॉजिस प्राईवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के डायरेक्टर ऑसबोर्न डिसूजा व जनरल मैनेजर विभूति भूषण सिन्हा उपस्थित थे. उन्होंने विद्यार्थियों के कैरियर डवलेपमेन्ट में स्किलस के महत्व पर प्रकश डाला और माननीय प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के स्लोगन "स्किल इन्डिया" को सकारात्मक बनाने के लिए बताया कि आज विश्व में प्रतिस्पर्धा के इस दौर में चुनौतियों का सामना करने के लिए विद्यार्थियों में कौशल व निपुणता का होना अति आवश्यक है. उन्होंने यह भी बताया कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए वह एक "कैरियर स्पार्क ट्रेनिंग प्रोग्राम" की शुरुआत कर रहे हैं. विद्यार्थी इस प्रोग्राम में अपना योगदान देकर सर्टिफिकेशन प्राप्त कर सकते है. विद्यार्थियों ने भी इस सेमिनार को बड़े उत्साह एवं रुचि के साथ सुना. सेमिनार में कम्प्यूटर विभाग के सभी सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे.